an>

Title: Need to ensure payment of pension to old-aged, widows, differently-abled etc. at their place of residence and also enhance the pension amount.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह): सरकार ने सामाजिक सुरक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम उठाए हैं, इसके लिए मैं प्रधानमंत्री जी को बधाई देता हूॅ। लेकिन, देश में जो सामाजिक सुरक्षा के लिए पेंशन स्कीम चल रही है जैसे वृद्धावस्था, विधवा, विकलांग, निराश्रित पेंशन जैसे हितग्राहियों को स्थानीय राज्य सरकारों के गलत या आधे-अधूरे प्रबंधन के कारण भुगतान में कठिनाईयाँ हो रही हैं। यह लाचार वर्ग है। अत: आपसे निवेदन है कि घर-घर भुगतान सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त करें, ताकि इन वर्गों को हर महीने घर पर ही पेंशन मिल सके। पेंशन राशि कम है और भुगतान लेने के लिए इन वृद्धों, निराश्रितों, विकलांगों एवं विधवाओं को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है । मेरी सरकार से माँग है कि इस पेंशन की राशि को भी बढ़ाकर न्यूनतम 1000 रूपए किया जाए, जैसा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए मोदी सरकार पहले ही कर चुकी है ।